इतिहास विभाग के इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ (संभाग प्रथम) के इतिहास विभाग के तत्वावधान में दिनाँक 18 सितम्बर, 2018 को इंटैक यंग हेरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. के इतिहास विषय की 17 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रोज़ी बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर पूजा भाटी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा छवि शर्मा. बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं सांत्वना पुरस्कार मनीषा बी.ए. द्वितीय वर्ष को मिला। निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य अतिथि श्री आनंद मेहता (संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर), श्रीमती नीता अनेजा (संस्थापक एवं अध्यक्ष, रंगसारथी थियेटर सोसायटी) एवं प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी श्री शरद भसीन ने निभाई। शिक्षाविद, समाजसेवी और उद्योगपति श्री आनंद मेहता ने इस अवसर पर बी.ए. की 37 नई छात्राओं को क्लब में शामिल करते हुए उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट भी प्रदान किये। इसी अवसर पर उन्होंने विरासतों के संरक्षण के संकल्प हेतु सभी छात्राओं को शपथ भी दिलाई। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि महोदय ने बधाई दी और बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय वर्ष 2009 से निरंतर प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है जिसके लिए महाविद्यालय और यहाँ के प्राचार्य

बधाई के पात्र हैं। वहीं श्रीमती नीता अनेजा ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक, अभिलेख और धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएं हैं और इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने सभी छात्राओं को इंटैक क्लब की ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा और अपने अहम् का त्याग कर सहयोग भावना से क्लब के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 100 सदस्य हैं, जो भारत की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए हैं। अंत में इतिहास विभाग की प्रवक्ता सुप्रिया ढांड़ा ने उपस्थित मुख्य अतिथि और उपस्थित स्टॉफ के अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया।